शिक्षा का उत्थान


शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन



letters



telephone



radio



television



mobile




newspaper

# काव्य मंजरी

## शैक्षिक कविताओं का संकलन

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण





# मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 01

## डाक



बच्चों, तुमने देखा होगा,
लाल रंग का डाकखाना।
काम डाकिए बाबू का है,
घर-घर चिट्ठी को पहुँचाना।।



ब्रिटिश सरकार ने सबसे पहला,
मुम्बई में खोला डाकघर।
इसके जरिए कभी किसी को,
कर सकते हैं मनी ऑर्डर।।



पोस्टकार्ड, अन्तर्देशीय,
या लिफाफे के जरिए।
डाक टिकट लगा, मनी ऑर्डर,
या कुछ भी पार्सल करिए।।

डाकघर के प्रमुख को हम,
पोस्ट मास्टर हैं कहते।
डाकखाने में रुपयों की,
हम बचत भी कर सकते।।





रचना- श्रीमती पूनम गुप्ता "कलिका"
(स०अ०) प्रा० वि० धनीपुर,
धनीपुर, जनपद अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 02

## टेलीविजन



रंग-बिरंगा, रोचक लगता,
ये जादू का पिटारा।
टेलीविजन नाम है जिसका,
सब बच्चों को प्यारा।।

स्काटलैण्ड में जन्मे थे,
जे० एल० बेयर्ड एक वैज्ञानिक।
टेलीविजन इण्डिया नाम दिया,
खोज लिया टी० वी० आधुनिक।।

टेली यूनानी, विजन है लैटिन,
जिसका अर्थ है दूर की दृष्टि।
पन्द्रह सितम्बर उन्नीस सौ उनसठ,
से होती मनोरंजन की वृष्टि।।

खेल और शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़े,
दिखलाता है सब समाचार।
कार्टून, फिल्में, देश-विदेश की खबरें,
दूरदर्शन में दिखता पूरा संसार।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# संचार के साधन 03

## SATELLITE- उपग्रह



जो बड़े ऑब्जेक्ट के चारों तरफ अन्तरिक्ष में,
चक्कर लगाए वो सेटेलाइट या उपग्रह कहलाता।
मानव-निर्मित छोटे-बड़े भी होते हैं सेटेलाइट,
चन्द्रमा प्राकृतिक-उपग्रह पृथ्वी के चक्कर लगाता।।

सेटेलाइट के दोनों तरफ सोलर पैनल होते हैं,
जिनसे ये ऊर्जा यानि बिजली पाते रहते हैं।
बीच में ट्रान्समीटर, रिसीवर व कण्ट्रोल मोटर होते,
जो सिग्नल को रिसीव या भेजने का काम करते हैं।।



उपग्रहों से ही हम सन्देश, सूचनाएँ प्राप्त करते,
मौसम का हाल, विदेशों में बात, सीमा-सुरक्षा करते हैं।
टी० वी०, मोबाइल, इण्टरनेट पर सूचनाएँ भी प्राप्त करें,
सेटेलाइट में लगे कैमरों से जानकारी प्राप्त करते हैं।।

उपग्रहों के वेग पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण-बल को,
अपने ऊपर कभी हावी नहीं होने देते हैं।
इस नियम के चलते ही ये सारे उपग्रह,
अन्तरिक्ष में हवा में ऊपर ही टिके रहते हैं।।

रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० विद्यालय (1-8)- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



# संचार के साधन



## कम्प्यूटर

कम्प्यूटर एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन,
आधुनिक तकनीकी पर आधारित।
श्रम व समय की बचत है करता,
कम समय में परिणाम दे त्वरित।।



कम्प्यूटर विज्ञान का एक उपहार,
प्रयोग करे इसे सारा संसार ।
घर, ऑफिस या हो स्कूल ,
इसकी उपयोगिता न जाना भूल।।



इनपुट-आउटपुट से होता काम,
प्रयोग में है ये बिलकुल आसान।
इन्टरनेट से जब जुड़ जाता,
ढेर सी जानकारी उपलब्ध कराता।।

गणितीय समस्याओं को हल करवाता,
बच्चों के मन को खूब है भाता।
पढ़ाई करें, प्रोजेक्ट बनाएँ, खेलें खेल,
कठिनाइयों का दे बेहतर हल।।

रचना - नीतू शुक्ला(प्र०शि०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर १
सिकंदरपुर कर्ण, उन्नाव


शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 05

## पोस्टकार्ड

पोस्टकार्ड का अविष्कार,
अठारह सौ उनहत्तर में।
आस्ट्रिया से शुरू हुआ,
फैला फिर सारी दुनिया में।




मोटे कागज या पतले,
गत्ते से बना आयताकार।
लिखने में सन्देश प्रयुक्त हो,
डाक विभाग का यह उपहार।



नहीं लिफाफे की हो जरूरत,
शुल्क है होता कम इसका।
भारत का पहला पोस्टकार्ड,
अठारह सौ उन्यासी में दिखता।

रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा०वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।







# संचार के साधन 06

## क्रोम

2008 में पहली बार आया क्रोम,
43 भाषाओं में बीटा संस्करण लाया क्रोम।

HTML के मानकों पे खरा उतरता है,
फिशिंग व मैलवेयर को अपडेट करता है।
पासवर्ड प्रबन्धन इसको खास करता है,
गुप्त मोड में ब्राऊजिंग को निजी रखता है।

हर ऑपरेटिंग सिस्टम और,
डिवाइस पर चलता है,
लैपटॉप व फोन के बीच,
स्विच हो सकता है।

इसके साथ आप वेब का,
पूरा लाभ ले सकते है,
पता बार में तुरन्त जवाब,
एक क्लिक से अनुवाद पा सकते हैं।

रचना
रेनू (स० अ०)
प्रा० वि० कूँड़ी
बड़ागाँव, वाराणसी।





शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 07

## गूगल google

लैरी और सर्गी के मन का विचार,
बनाएँ कुछ ऐसा जो न जाए बेकार।
एक सर्च इंजन पर शुरू किया काम,
दिया उसको गूगल का नाम ।।

04 सितम्बर 1998 में हुई एक शुरुआत,
आओ करें इसके बारे में बात।
करोड़ों लोगों की पहली पसन्द बना,
ज्ञान की एक नयी किरण बना।।

कैलिफोर्निया में है इसका मुख्यालय,
ज्ञान और सूचना का है आलय।
जी-मेल और ई-मेल बने इससे सम्भव।
खोजना हुआ सम्भव जो था असम्भव।।

गूगल लाया ज्ञान की जागृति,
संचार के क्षेत्र में एक नयी क्रान्ति।
इन्टरनेट है गूगल का अभिन्न साथी,
सुन्दर पिचाई है इसके शीर्ष अधिकारी।।



रचना- इला सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० पनेरूवा
अमौली, जनपद- फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 08

## टेलीग्राम एप्प

क्लाउड आधारित त्वरित मैसेजिंग,
वी० आई० पी० सेवा और वीडियो कॉलिंग।
नॉन-प्रॉफिट आर्गनाइजेशन टेलीग्राम,
अक्टूबर तेरह में शुरू हुआ ये प्रोग्राम।।

C++ होती इसकी मैसेजिंग भाषा,
टेलीग्राम पर चैटिंग अच्छा खासा।
बाट, पोल, क्विज और हेस्टैग गजब,
खुद चैटिंग खत्म की सुविधा अलग।।

पन्द्रह जी० बी० फाइल भेजने की क्षमता,
इसका कार्यालय जैसे जोगी रमता।
कभी सिंगापुर, कभी लन्दन बनाया,
कभी इसको बर्लिन में था पहुँचाया।।

एंड्रॉयड, पी० सी०, आई० ओ० एस० में प्रयोग,
सीक्रेट चैट में होता इसका उपयोग।
निकोलोई ने ये प्रोजेक्ट किया था,
पावेल ने वित्तीय सहयोग किया था।।



रचना
भुवन प्रकाश (इं०प्र०अ०)
प्रा०वि० पिपरी नवीन
मिश्रिख, सीतापुर

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

# संचार के साधन 09

## फैक्स मशीन

आओ फैक्स मशीन को जानें,
"फार अवे ज़ेरॉक्स" नाम पूरा मानें।
अलेक्सेंडर बैन का अविष्कार जानें,
सन 1843 ई० में निर्मित इसे मानें।।



फैक्स प्रणाली ये सबसे पहले,
प्रदर्शित की गयी 1902 में।
अद्भुत है तकनीक ये,
विद्युत संकेतों का प्रयोग करे।।

इंटरनेट का प्रयोग करे,
आदान-प्रदान डॉक्यूमेंट करे।
इलेक्ट्रॉनिक फोर्मेट में बदलकर,
अन्य मशीन में स्थानान्तरित करे।।

दस्तावेज को फोटोकॉपी रूप में,
घर बैठे अन्य स्थान ये भेज भी दे।
सैकड़ों किलोमीटर की दूरी ये,
चन्द मिनटों में झट पूरी भी कर दे।।



रचना:- सुप्रिया सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बनियामऊ (1-8)
मछरेहटा, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 10

## तार

डाक द्वारा भेजे जाते,
पत्र और पैगाम।
ऐसा ही था सन्देश पत्र,
तार कहो या टेलीग्राम।।


भारतीय डाक-तार विभाग
INDIAN TELEGRAPHS POSTS AND DEPARTMENT

अन्तर्देशीय प्रेस क्रेडिट कार्ड
CREDIT CARD FOR INLAND PRESS TELEGRAMS
1. संख्या/No. 00368
2. संवाददाता का नाम/Name of Correspondent
श्री अरविंद कुमार सिंह
3. 7·6·84 से 31·12·84 तक वैध
Valid from..........to......31 DEC 1984

11 फरवरी 1855 में,
हुआ शुभारम्भ।
पर 15 जुलाई 2013 में,
हो गया यह बन्द।।

जब लिखते थे पत्र सब,
तब था इनका नाम।
जल्दी सन्देशा पहुँचाना,
तार का था काम।।

अब दुनिया में फोन, फेसबुक,
व्हाट्सएप असरदार।
खत्म हुए हैं पत्र अब,
बन्द हुए अब तार।।



रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़









# संचार के साधन 11




पैसे की दीवारें तोड़,
सिग्नल पहुँचा आपके द्वार।
फ्री मैसेंजिंग प्लेटफार्म यह,
बरसाए आप पर प्यार।।

कैलिफोर्निया स्थित ऐप है सिग्नल,
ऑपरेट नॉनप्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन से।
सन दो हजार अट्ठारह में आया सिग्नल,
मैसेज सारे रक्षित अब सिग्नल से।।

ऑन करने से पहले सिग्नल,
माँगे सुरक्षा पिन।
यूजर्स की डेटा सुरक्षित,
खुशहाल करे रात-दिन।।

वाट्सएप से बिल्कुल अलग है सिग्नल,
नीला-सफेद रंग से सजा सिग्नल।
ऑफलाइन कुछ मैसेज सेव करे है सिग्नल,
कौन भेजा, किसे भेजा, ये भी गुप्त रखे है सिग्नल।।



रचना:
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रुद्रपुर
खजनी, गोरखपुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 12

## ट्विटर Twitter

आओ बच्चों कुछ ज्ञान बताएँ,
ट्विटर से तुम्हें मिलवाएँ।
फेसबुक की तरह इसका रूप,
अपने प्रिय जनों से जोड़ जाए।।

21 मार्च 2006 में स्थापना हुई,
लोकप्रियता बढ़ती ही गयी।
दुनिया के प्रसिद्ध लोग करें प्रयोग,
जानकारी साझा होती गयी।।

चर्चा सभी विषयों पर होती,
सीमा 1000 खाते फोलो की होती।
सी०एस०के० हैं जैक डोर्सी,
140 शब्द प्रयोग की आजादी रहती।।

जितने चाहो उतने ट्वीट करो,
अपनी राय तुम व्यक्त करो।
सावधानी से करना इसका प्रयोग,
प्रभावी लोगों के सम्पर्क में रहो।।




रचना- नम्रता श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र- महुआ, जनपद- बाँदा


आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद







# संचार के साधन 13

## *ई-मेल*

सन 1972 में रे टॉमलिंसन ने,
@ का प्रयोग किया।
सन 1978 में अमरीकी अययदुरई ने,
ई-मेल का नाम दिया।।




इलेक्ट्रॉनिक ई-मेल,
होता है पूरा नाम ई-मेल।
इसके भी होते दो भाग,
पाप, वेब आधारित ई-मेल।।

पाठ, चित्र और फाइलें,
हो जाती सब ई-मेल।
चाहे कम्प्यूटर हो या स्मार्टफोन,
सबसे हो जाता ईमेल।।

पाठ, चित्र और फाइलें,
हो जाती सब ई-मेल।
चाहे कम्प्यूटर हो या स्मार्टफोन,
सबसे हो जाता ईमेल।।



रचना- साधना सचान (प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० ढोढ़ियाही (1-8)
तेलियानी, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद







# संचार के साधन 14

## मोबाइल

देखो! जबसे आया मोबाइल,
सबके मन को भाया मोबाइल।
सबके हाथ में दिखता मोबाइल,
कई तरह का आता मोबाइल।।



कोई इमारत हो या जंगल,
दृश्य दिखाता सुन्दर-सुन्दर।
गीत, फिल्म या कोई शहर,
पूरी दुनिया इसके अन्दर।।





कई खेल इसमें खेलें,
खेल-खेल में दोस्त बना लें।
गणित, इंग्लिश या कोई ज्ञान,
इसमें पढ़ लें और पढ़ा लें।।

घर पर बैठे बात कराए,
जल्दी से सन्देश पहुँचाए।
बहुत सारे हैं एप्स इसमें,
समाचार भी यह दिखलाए।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट









# संचार के साधन 15

## रेडियो

आओ बच्चों जानें हम,
एक संचार का साधन।
दिखता नहीं इसमें कुछ
बस आवाज सुनते हैं हम।।

इसका नाम है रेडियो,
आप इससे गीत सुनते हो।
इसके अलावा अब इस पर,
किताबें भी सुन सकते हो।।






इसका अविष्कार 1900 मे,
गुलिएल्मो मारकोनी ने किया।
भारत में पहली बार 1902 मे,
मुम्बई से रेडियो प्रसारण हुआ।।

पहले इसका प्रयोग केवल,
खबरों के लिए किया गया।
नये चैनल आने से यह मनोरंजन,
का अहम साधन बन गया।।



रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 16

## टेलीफोन

दूरसंचार का उपकरण विशेष,
हिन्दी में कहते हैं दूरभाष।
विश्व भर में है सर्वाधिक प्रचलित,
उपयोग बातचीत में है खास।।



एलेग्जेंडर ग्राहम बेल ने,
किया टेलीफोन का आविष्कार।
10 मार्च 1876 ई० में,
संयुक्त राज्य अमेरिका में तैयार।।

प्रेषित्र करता ध्वनि ऊर्जा को,
विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित।
ग्राही करता विद्युत ऊर्जा को,
ध्वनि ऊर्जा में परिवर्तित।।

जनसंचार टेलीफोन से हुआ सुगम,
बातचीत हो या शिक्षण अधिगम।
जीवन कौशल का हुआ विकास,
रोजगार के बने अवसर खास।।



रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



## मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 17

## समाचार पत्र

समाचार पत्र संचार के साधनों में,
जानकारी का अहम साधन है।
इसमें मुख्यत: सामयिक घटनाएँ, राजनीति,
खेलकूद, व्यक्तित्व और विज्ञापन हैं।।



अमर उजाला बड़ौत

खुल गए स्कूल, नौनिहालों पर खूब बरसाए फूल

जर्जर स्कूल, कमरों के बाहर हो रही पढ़ाई

यज्ञ से मन भी होता है शुद्ध

दुनिया में सबसे पहला अखबार,
युरोप से प्रकाशित हुआ था।
पहला भारतीय पेपर द बंगाल गैजेट,
29 जनवरी 1780 को छपा था।।

समाचार पत्रों ने स्वतन्त्रता संग्राम में,
अहम भूमिका निभायी थी।
इनकी खबरों ने भारतीय लोगों के,
मन में इन्कलाब की अलख जगायी थी।।

समाचार पत्र दुनिया का हाल बताता है,
यह लोकतन्त्र को मजबूत बनाता है।
देश-विदेश की घर बैठे सैर,
कराकर हमारा ज्ञान बढ़ाता है।।



रचना- रीना कुमारी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# संचार के साधन 18

## प्रोजेक्टर

प्रोजेक्टर है एक आउटपुट डिवाइस,
जो इमेज को बडी सतह पर प्रोजेक्ट करता है।
इसका प्रयोग वीडियो या इमेज को,
बडे समूह को दिखाने के लिए किया जाता है।।





इसका अविष्कार सन 1894 में,
फ्रांसिस जेनकिन्स द्वारा किया गया।
इसमें एक चिप्स की सीरीज, लेन्स,
कलर व्हील का इस्तेमाल किया गया।।

डी एल पी, एल सी डी, सी आर टी,
प्रोजेक्टर के विभिन्न प्रकार होते हैं।
ये अधिकांशतः फिल्म चलाने को,
सिनेमाघरों मे प्रयुक्त होते हैं।।

प्रोजेक्टर का प्रयोग आजकल,
शिक्षा में बखूबी किया जाता है।
इस पर बच्चों को प्रोत्साहित करने वाली,
फिल्मों को दिखाया जाता है।।

रचना- नीलम भास्कर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत







# संचार के साधन 19

## इन्टरनेट



नेटवर्कों का नेटवर्क,
इन्टरनेट को कहा जाता।
छोटे-बड़े सन्देशों को,
यह घर बैठे पहुँचाता।।

रोजमर्रा के जीवन में,
प्रतिदिन होता उपयोग।
स्कूल, कॉलेज, बैंक आदि में,
करते सब लोग प्रयोग।।



कम्प्यूटर, टैबलेट, मोबाइल,
डिवाइसों को जोड़ हम पाते।
अलग-अलग उद्देश्यों के लिए,
वैज्ञानिक युग को अपनाते।।



इसका प्रभाव दुनिया के,
हर कोने में देखा जाता।
बिना कनेक्शन के व्यक्ति,
सेवा का लाभ न पाता।।



रचना- मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 20

## डिश टीवी

टीवी की रंगीन दुनिया में,
चमत्कार है डिश टी० वी०।
भारतवर्ष की सबसे पहली,
मनोरंजन सेवा है डिश टी० वी०।।

सिग्नल पर यह कार्य करे,
उपग्रह पर है आधारित।
कार्यक्रम देखें मनचाहे,
हुए बिना हम बाधित।।




सेट टॉप बॉक्स और एन्टीना,
मिलकर बनाये इसका काम।
संचार के प्रसिद्ध साधनों में,
डिश टीवी का बड़ा है नाम।।

डिकोड होकर सिग्नल,
टी० वी० के स्क्रीन पे आएँ
चैनल चुनने के लिए बस,
रिमोट का बटन हम दबाएँ।।



रचना
डॉ० रैना पाल (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8) आमगांव,
जगत, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

# संचार के साधन 21

## लाउडस्पीकर



मैं हूँ एक इलेक्ट्रोएकोस्टिक ट्रान्सड्यूसर,
कहते मुझको लाउडस्पीकर।
ध्वनि विस्तारक यन्त्र भी कहलाता,
विद्युत संकेतों को ध्वनि तरंगों में बदलता।।

आविष्कार किया एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने,
पेटेंट हुआ अट्ठारह सौ छियत्तर में।
मेरी ऊँची आवाज आती बड़ी काम,
मन्दिर में हो आरती या हो मस्जिद में अज़ान।।

मेले, ठेले, पार्क, बाजार,
या करना हो चुनाव प्रचार।
बजाते मुझको बार-बार,
रेडियो, टेलीफोन के भी जुड़ते तार।।



ध्वनि प्रदूषण भी बहुत फैलाए,
सरकार मुझ पर रोक लगाए।
रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक जो बजाए,
एक लाख रूपया जुर्माना या 5 वर्ष जेल में बिताए।।




रचना
स्मृति परमार (स०अ०)
प्रा० वि० मामूरगंज
कादरचौक, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद



# संचार के साधन 22

## डिजिटल कैमरा



शादी-ब्याह हो या धार्मिक काज,
सब हैं फीके इसके बिना।
कैमरे की एक फ्लेश पर,
सारा जमाना है फिदा।।

दृश्य रूप में लगे साधारण,
किन्तु विशेष रूप में सजता।
जब इससे चित्र खींचा जाता,
एक द्वारक खुल कर बाहर आता।।




प्रकाश दर्पण से अन्दर प्रवेश कर जाता,
फ़िल्म कैमरे जैसा यह नजर आता।
इस चरण के कार्य में आती विभिन्नता,
विद्धुतीय उपकरण का टुकड़ा बाहर आता।।

जो आते प्रकाश किरण को पकड़ता,
विद्धुतीय संकेत में है बदल जाता।।
ऐसे सब की छवि बनती अति सुन्दर,
छवि दृश्य देखकर मन हर्ष छा जाता।।



रचना-
चंचल उपाध्याय (प्र०अ०)
प्रा० वि० कोट
बिसौली, बदायूँ









# संचार के साधन 23

## वायरलेस

वायरलेस को बोलते हैं, तार रहित या बेतार,
बिना केबल के होता है यंत्रो से संचार।
समय की बर्बादी, तारो का खर्चा हुआ कम,
वैज्ञानिकों ने दिया है ऐसा उपहार।।

सन 1901 में वैज्ञानिक,
सर "मार्कोनी "ने किया अविष्कार।
हवाओं के बीच हो रहे,
सन्देश ट्रान्सफर का ऐसा चमत्कार।।




रेडियो, सेटेलाइट तरंगो से जुड़ता है नेटवर्क,
भौतिक पथ के, बिना होता है डिवाइस वर्क।
एक डिवाइस बनती सेन्डर, तो दूजी रिसीवर,
सिग्नल बनता सूचनाएँ ट्रान्सफर का कनेक्टर।।

मोबाइल, जीपीएस, ब्लूटूथ, और वाई-फाई,
वायरलेस तकनीकी के उपकरण हैं जस्टिफाई।
एक डिवाइस जो, दूजी से, सम्पर्क ये जोड़ेगा,
वायरलेस नेटवर्क, जो हम सबको जोड़ेगा।।



रचना
फराह नाज़ (स०अ०)
प्रा० वि० आलमपुर,
जगत, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# संचार के साधन

## रचनाकारों की सूची

01- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
02- शिखा वर्मा, सीतापुर
03- नैमिष शर्मा, मथुरा
04- नीतू शुक्ला, उन्नाव
05- अरविन्द कुमार, वाराणसी
06- रेनू, वाराणसी
07- इला सिंह, फतेहपुर
08- भुवन प्रकाश, सीतापुर
09- सुप्रिया सिंह, सीतापुर
10- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
11- सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
12- नम्रता श्रीवास्तव, बाँदा
13- साधना सचान, फतेहपुर
14- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
15- ज्योति सागर, बागपत
16- सुमन पांडेय, फतेहपुर
17- रीना कुमारी, बागपत
18- नीलम भास्कर, बागपत
19- मन्जू शर्मा, हाथरस
20- रैना पाल, बदायूँ
21- स्मृति परमार, बदायूँ
22- चंचल उपाध्याय, बदायूँ
23- फ़राह नाज़, बदायूँ

***तकनीकी सहयोग***
जितेन्द्र कुमार, बागपत
आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
मार्गदर्शन:- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद